| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज<br>**न्यायालय अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, नाथद्वारा**<br>प्रकरण संख्या 210/2020 रे0फो0<br>**सुरजमल बनाम दौलतराम वगैरह**<br>**( 1/1 )** | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की |
|---|---|---|

**दिनांक : 11.02.2026**

परिवादी की ओर से अधिवक्ता श्री भरतगिरी गोस्वामी उपस्थित।

अभियुक्त **नाथूलाल, सोहनलाल, नानालाल, घीसा व मोहनलाल** अनुपस्थित। अधिवक्ता **श्री भूपेश जटिया** उपस्थित।

अभियुक्तगण की ओर से हाजरी माफी का प्रार्थना पत्र पेश किया गया, जो बाद सुनवाई आज के लिए स्वीकार किया गया।

पत्रावली अभियुक्त शंकर की उपस्थिति के स्तर पर है।

अभियुक्त शंकर का जारी गिरफतारी वारंट अदम तामील प्राप्त हुआ।

प्रकरण इस न्यायालय का टारगेट प्रकरण है, माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा समय–समय पर टारगेट प्रकरण के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं।

अभियुक्त शंकर को जरिये गिरफतारी वारंट तलब किया जावें।

अभियुक्त को जारी वारंट पर प्रकरण पुराना होने व टारगेट केस होने से आवश्यक रूप से तामील करवाए जाने का लालस्याही से नोट अंकित किया जावें।

तामील की एक प्रति एपीओ व एसपी राजसमंद को प्रेषित की जावें।

पत्रावली वास्ते हाजरी मुलजिम दिनांक 19.02.2026 को पेश हो।